हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 24 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं होने पर पत्रकार...

10 पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में बस्तर संभाग...

खबर संक्षेप

मौत के तीन केसों पर 4-4 लाख की मदद मंजूर

कांकेर। राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने सर्प काटने, पानी में डूबने और प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने के तीन प्रकरणों में उनके निकटतम आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपयें की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार आमाबेड़ा तहसील के ग्राम अर्रा निवासी 35 वर्षीय राधेश्याम हुपेण्डी की मृत्यु सर्प काटने से हो जाने पर उनकी पत्नी सुशीला हुपेण्डी को चार लाख रूपयें और ग्राम कुरूटोला निवासी 48 वर्षीय मंहगू कोरेटी की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी सनबारी कोरेटी को चार लाख रूपयें तथा अंतागढ़ तहसील के ग्राम लामकन्हार निवासी 46 वर्षीय मानकुंवर हिचामी की अतिवृष्टि से मकान का दीवार गिरने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस श्री घनश्याम हिचामी को चार लाख रूपयें की आर्थिक सहायता राशि मंजूर की गई है।

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

कांकेर। दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम सरोना निवासी सुरेश गोलछा का फांसी लगाने के कारण मौत हो गई। सरोना निवासी संजय गोलछा ने पुलिस को बताया कि 22 अगस्त को मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदखुशी कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

इलाज के दौरान युवक की मौत

कांकेर। पखांजुर निवासी विपलव मलिक का इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस के अनुसार मृतक का 16 अगस्त को पखांजुर के अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया, मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाने के कारण शव का पंचनामा बनाने के उपरांत शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। मामले मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

नीति आयोग की वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कई जिलों के कलेक्टर हुए शामिल

कांकेर। नीति आयोग भारत सरकार के उपाध्यक्ष ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश के आकांक्षी जिला और विकासखण्ड में शामिल विभिन्न जिलों के कलेक्टर्स की बैठक लिया। बैठक के दौरान नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम में शामिल जिले और विकासखण्ड की डेल्टा रैंकिंग जारी की गई, जिसमें आयोग द्वारा जारी डेल्टा रैंकिंग प्रोग्रेस रिपोर्ट में मार्च 2024 की स्थिति में जिले के दुर्गूकोंदल ब्लॉक को ऑल इंडिया रैंकिंग में 17 वां और राज्य स्तर पर पहला रैंक मिला है। जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड को मार्च 2024 की स्थिति में पूरे देश में 39 वां और राज्य स्तर पर तीसरा रैंक प्राप्त हुआ है। नीति आयोग द्वारा जिले के दुर्गूकोंदल और कोयलीबेड़ा ब्लॉक सहित देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों और विकासखण्डों की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं दिया। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित उक्त वर्चुअल बैठक में कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल उपस्थित रहें।

आरक्षण पर सौंपा ओबीसी प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन

दुर्गूकोंदल। ओबीसी आरक्षण में कटौती व ओबीसी कल्याण आयोग में बस्तर संभाग से एक भी सदस्य को नहीं लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 8 अगस्त को गठित शेष पेज 8 पर

70 साल बाद भी वयनर में नहीं बना पुल, बांस के कच्चे पुल से ग्रामीण करते हैं गुजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत परेकोड़ो के आश्रित ग्राम वयनर कच्चे माइंस प्रभावित गाँव होने के चलते सरकार और प्राइवेट कंपनी लोहे की तरह लाल हो गई, परंतु वयनर गाँव के लोगों को आने जाने के लिए पुलिया बनाने के प्रति माइंस प्रबंधन व सरकार सजग नहीं है, इसके अलावा बुनियादी सुविधा सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा एवं अन्य सुविधाओं से वंचित है। बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग शासन प्रशासन से किया है।

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत परेकोड़ो के आश्रित ग्राम वयनर के ग्राम पटेल सतूराम मरकाम, बसुराम मरकाम, अर्जुन मानकर ने बताया कि ग्राम वयनर के पटेलपारा एवं आवासपारा में लगभग 40 घर के लोग निवास करते हैं। ग्राम वयनर में बारिश के दिनों में पूरी तरह से बाधित होता है, जिसमें स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। पुलिस को बनाने को लेकर संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, ग्राम सभा, जन समस्या निवारण शिविर व जनदर्शन में विधायक, कलेक्टर व सांसद के अलावा कच्चे माइंस प्रबंधन को पुलिया बनाने के लिए आवेदन व ज्ञापन कई बार दिया जा चुका है, उसके बाद भी पुलिया बनाने के लिए गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीण मजबूरी में स्वयं से लकड़ी और बांस की मदद से वैकल्पिक पुलिया का निर्माण किया है, इसी के बाद गाँव के बच्चे स्कूल आना जाना कर पा रहे है।

कच्चे माइंस प्रभावित गांव होने के बाद भी आज तक नहीं ली सुध

70 साल बाद भी नहीं बन पाई पुलिया

ग्रामीणों का कहना है कि देश को आजाद हुए 70 साल हो गए और कच्चे माइंस को शुरू हुए 15 साल हो गए, परंतु किसी के द्वारा वयनर के दो पारा के ग्रामीणों की सुध आज तक नहीं लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार हर जगह पुलिया बनाने के लिए गुहार कर चुके है, परंतु कोई भी सुध लेने के लिए सामने आज तक नहीं आया है। अंततः हर साल बारिश के पहले ग्रामीण अपनी सुविधा के अनुसार आने-जाने में असुविधा को देखते हुए वैकल्पिक लकड़ी एवं बास से लकड़ी का पुल निर्माण करते है, शायद मीडिया में आने के बाद जिम्मेदार सुध ले ले।

सियासत : संगठन प्रमुख ने पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना अधिक सदस्य बनाने का दिया लक्ष्य

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी बनीं शिक्षिका एवं भाजपाइयों को सदस्य बनाने का सिखाया फंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भाजपा के एक एक कार्यकर्ता की सदस्यता शून्य हो चुकी है, इसलिए प्रत्येक भाजपाई को 1 सितंबर से शुरू होने वाली सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनना है और नए लोगों को सदस्य बनाना है। सदस्य बनाने को लेकर कमल सदन में 23 अगस्त को कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सदस्यता करने का पाठ पढ़ाया।

- प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के पश्चात जनता में उत्साह का वातावरण
- कमल सदन हुई कार्यशाला में सदस्यता का पाठ पढ़ाया गया

कार्यशाला में उपस्थित

भाजपाईयों को पाठ पढ़ाते हुए, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने कहा कि अभी हम सब की भाजपा की सदस्यता शून्य हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 सितम्बर को सर्वप्रथम सदस्यता निर्धारित मोबाईल नंबर पर मिस्ड काल के माध्यम से भाजपा की आनलाईन सदस्यता लेंगे, वहीं छत्तीसगढ़ में सबसे पहले सीएम विष्णुदेव सास सदस्यता लेंगे, उसके बाद सदस्यता का अभियान पूरे प्रदेश में शुरू हो जाएगा और सदस्य बनाने की

टोली बूथ स्थर पर पहुँचकर पुराने व नए लोगों को सदस्य बनाएंगे। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में सदस्यता का लक्ष्य दो गुना कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए जिला व मण्डल की टोली घोषित हो चुकी है और आगामी एक-दिनों में इन टोली की बैठकें सभी मण्डलों में किया जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान के माध्यम से हम समाज के हर वर्ग तक पहुंचेंगे और उन्हें भाजपा की रीति नीति से अवगत करायेंगे। आज की नव युवा पीढ़ी को ज्यादा से ज्याद संख्या में जोड़ने की अपील उन्होंने किया। हमें प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर सदस्यता अभियान को गति देना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के पश्चात जनता में उत्साह का वातावरण है और कई लोग भाजपा की सदस्यता लेना चाहते है। उन्होंने जिला व मण्डल टोली को पूरी ईमानदारी के साथ लक्ष्य पूर्ति करने के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित भाजपाईयों शेष पेज 8 पर

कार्यशाला में यह रहे उपस्थित

सांसद भोजराज नाग, कार्यशाला में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेण्डी, प्रदेश मंत्री महेश जैन, सांसद भोजराज नाग, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, देवलाल दुग्गा, आलोक ठाकुर, टेकेश्वर जैन, राजीव लोचन सिंह, तारा ठाकुर, देवेन्द्र भाउ, मोनिका साहा, अनूप राठौर, राजा देवनानी, रामचरण कोर्राम, प्यारे लाल देवांगन, निपेन्द्र पटेल, संजय सिन्हा, निखिल राठौर, टिकेन्द्र दुग्गा, राकेश शर्मा, नीलू तिवारी, अंशु शुक्ला, उमादेवी शर्मा, पंचूराम नायक, लोकेश्वर सेन सभी मंडल अध्यक्ष व अन्य उपस्थित रहे।

बलौदाबाजार कांड पर कांग्रेसियों ने पुतला दहन कर जताया विरोध एवं की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बलौदा बाजार के मामले में साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक की गिरफ्तारी के विरोध में ऊपर नीचे रोड़ के पास सीएम का पुतला दहन कर विरोध जताया व नारेबाजी किया गया।

कांग्रेसियों का कहना है कि बलौदा बाजार में विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिए और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुए। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गए थे कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। सरकार और पुलिस बताए किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया पूछताछ की गई, न्याय संगत कार्यवाही होनी चाहिए। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने के लिए उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। कांग्रेस भाजपा सरकार के शेष पेज 8 पर

चरित्र संदेह पर पत्नी से मारपीट की, पति के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम संबलपुर में पति के द्वारा अपनी पत्नी के आचरण पर शक करने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता को शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम संबलपुर निवासी 27 वर्षीय अफरोज परवीन पति मसूद खान ने पुलिस को बताया की आसपास के साप्ताहिक बाजारों में जाकर मनिहारी दुकान लगाकर सामान बिक्री करती हूं। मेरा पति मसूद खान हमेशा मुझे मेरे आचरण पर शक करता है। मैं किसी व्यक्ति के साथ भी बाजार जाती हूं, तो हमेशा मेरे पति मेरे आचरण पर शक करते हुए मेरे साथ गाली गलौच कर मारपीट करता है। 17 अगस्त को सुबह करीबन 10 बजे घर के सामने मेरा पति मेरे आचरण पर शक करते हुए मुझे गाली देते हुए तुम किसी के साथ भी घूमती हो कहकर जान से मारने की धमकी दिया और मेरा गला को दबाकर हाथ मुक्का व पास में रखे लोहे के बट से मारपीट किया है। मारपीट से शेष पेज 8 पर

बस पर सवार शिक्षिका से चेकर व कंडक्टर ने की मारपीट और दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर रोडवेज की बस में बैठकर रायपुर से गीदम जा रही महिला शिक्षिका के साथ कांकेर बस स्टैंड में बस का चेकर और कंडेक्टर के द्वारा महिला शिक्षिका जिस सीट पर बैठी थी, उसे सीट से हटाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ते हुए मारपीट में बदल गया और दोनो आरोपी महिला शिक्षिका के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दे डाले। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे रिसाली सेक्टर भिलाई निवासी हाल गीदम निवासी 35 वर्षीय शीला साहू पति राजा साहू ने पुलिस को बताया कि मैं शिक्षक के पद पर पदस्थ हूं और 22 अगस्त को सुबह करीबन 8 बजे रायपुर से गीदम जाने के लिए कांकेर रोडवेज के बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0972 में सवार हुई थी। सुबह 11 बजे कांकेर बस स्टैंड में पहुंची। बस में सवार यात्रियों के उतरने के बाद बस गीदम के शेष पेज 8 पर

घरेलू बात पर पत्नी गई मायके, साला और सास ने जान से मारने दी धमकी

कांकेर। चारामा थानांतर्गत ग्राम माहुद में घरेलू बात को लेकर पति पत्नी के बीच वाद विवाद हो गया। पत्नी विवाद के चलते अपने मायके चली गई, वहीं साला और सास के द्वारा फोन करके गाली गलौज कर धमकी दिया गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम माहुद निवासी अभिलास मोहता पिता सुरेश मोहता ने पुलिस को बताया कि मैं व्यापारी हूं और मेरा विवाह सामाजिक रीति रिवाज से उप्र के बरेली निवासी श्रुति खंडेलवाल के साथ शादी हुई है। घरेलू बात को लेकर विवाद कर 10 अप्रैल को अपने मायके चली गई है। मैं कई बार फोन से सम्पर्क करके बात करने का प्रयास किया, लेकिन वह मुझसे बात नही करती है। 20 जुलाई को मैं तथा मेरे जीजा मेरे घर माहुद में बैठे थे, तभी मेरे साला का दोपहर 1 बजे कॉल आया। मैंने फोन का स्पीकर चालू कर फोन को उठाया। मेरा साला अमन खंडेलवाल मुझे अचानक गाली गलौज करने लगा और धमकी देते हुए कहने लगा बरेली आओगे तब तुम्हे बताते है। उस समय मेरे साले से फोन लेकर मेरी सास रागिनी खंडेलवाला ने भी धमकी देते हुए कहा कि तुम लोग अब हमारा नया रूप देखोगे, तुम्हे ऐसे फसाएंगे कि तुम्हारी पुश्ते भी याद रखेगी कहने लगी। मेरा साला के द्वारा गाली गलौच करने से मुझे सुनकर बहुत खराब लगा। मुझे यह भी डर है कि मेरे साला और सास मुझे किसी ढंग से गलत रूप से फंसा सकते है और मेरे साथ कुछ भी कर सकते है। प्रार्थी की शिकायत पर नारामा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

वृद्धि योग, रवि योग और शिववास योग का बन रहा संयोग

हलषष्ठी व्रत से संतान को मिलता निरोगी और दीर्घायु होने का वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

हलषष्ठी त्योहार बहुत ही धूमधाम से महिलाएं मनाती हैं। हलषष्ठी व्रत को महिलाएं अपने पुत्र यानी की अपने संतान की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करती है। हलषष्ठी व्रत जिसे कमरछठ भी कहते हैं, इस वर्ष 24 अगस्त को मनाया जाएगा। षष्ठी तिथि पर वृद्धि योग, रवि योग और शिववास योग का संयोग बन रहा है।

- महिलाएं आज सामूहिक रूप से करेंगी हलषष्ठी पूजा

मान्यता है कि भादों मास की कृष्ण षष्ठी को ही भगवान बलराम का जन्म हुआ था और इनके जन्म की खुशी में महिलाएं अपने संतान की दीर्घायु के लिए व्रत करती हैं। इस बार षष्ठी तिथि 24 अगस्त को सुबह 7 बजकर 51 मिनट पर शुरू होगी और 25 अगस्त को सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। इस वर्ष षष्ठी तिथि सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इस व्रत में हल द्वारा बोया-जोता हुआ अन्न, फल, और गाय के दूध-दही का सेवन निषिद्ध होता है। केवल भैंस के दूध, दही या घी का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा इस दिन माताएं संतान सुख प्राप्ति के लिए भी इस व्रत को करती है। जिन दंपतियों को संतान सुख की प्राप्ति नहीं हुई है, वे भी इस व्रत को कर सकते हैं। भगवान के आशीर्वाद से उनकी भी खाली झोली भर जाएगी। मान्यता है कि इस व्रत करने से मनचाही संतान मिलती है। व्रत के दौरान आंगन में गोबर से छठी माता की पूजा की जाती है।

हलषष्ठी व्रत का महत्व

हलषष्ठी का व्रत महिलाएं संतान सुख की कामना के लिए करती हैं। इस व्रत को करने से आपकी संतान की आयु लंबी होती हैं। यह व्रत संतान की आयु को बढ़ाने वाला माना जाता है। आपको इस व्रत को करने से आपको सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान कृष्ण के बड़े भाई और शेषनाग के अवतार माने जाने वाले बलराम का जन्म हुआ था। हल षष्ठी के दिन महिलाओं को महुआ की दातून करनी होती है और साथ ही महुआ खाना भी जरूरी होता है।

हलषष्ठी व्रत की पूजा कब की जाती है

हरछठ व्रत की पूजा दोपहर में करने का विधान है। महिलाएं सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पूजा करती हैं। इस दिन गाय के दूध से बने खाद्य पदार्थों और जमीन से उगी हुई चीजों का प्रयोग नहीं किया जाता है। सिर्फ तालाब में पैदा हुई चीजें ही खाई जाती हैं। महिलाएं अपने आंगन में झरबेरी, पलाश और कांसी की टहनी लगाकर पूजा करती हैं और छठी माता का चित्र बनाकर उनको सात अनाजों को मिलाकर बनाया हुआ सतनजा और दही-तिन्नी के चावल से भोग लगाती हैं। उसके बाद हल षष्ठी की कथा सुनती हैं।

रेलवे कर्मचारी की बाइक की चोरी, अज्ञात चोर की तलाश

कांकेर। भानुप्रतापपुर से बस में सवार होकर ड्यूटी करने गए कर्मचारी की बाईक को ऑफिस के सामने से अज्ञात ने चोरी कर लिया। वाहन का मालिक अपनी वाहन को पीर्वाय ऑफिस के सामने खड़ी कर बस में सवार होकर ड्यूटी करने दल्लीराजहरा गया हुआ था। वापिस आया, तब शेष पेज 8 पर

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

खबर संक्षेप

जिला एवं खंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

कांकेर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कराए जाने के लिए आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया सरलता से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्य का प्रचार-प्रसार अभियान की योजना जागव बोटर जागो के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा जिला स्तर एवं खंड स्तर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता कार्य के प्रचार प्रसार के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोहेल कुमार को जिले के समस्त नगरीय निकाय नगर पंचायत नरहरपुर को छोड़कर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार समस्त खंड शिक्षा अधिकारी को विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

आज प्रयोगशाला सहायक व तकनीशियन भर्ती परीक्षा

कांकेर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा रविवार 25 अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से साय 4.15 बजे तक होगा। परीक्षा के लिए 9 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर कांकेर, सेंट माइकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर, शासकीय जिला शिक्षा संस्थान एवं प्रशिक्षण केन्द्र डाइट कांकेर और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट को परीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया है।

चन्द्रयान 3 की पहली वर्षगांठ पर छात्र- छात्राओं ने बनाए आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में आयोजित हुआ। अंतरिक्ष में देश की उपलब्धियों, समाज को होने वाले लाभों से बच्चों को प्रेरित करने, बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बच्चों को भारत की चंद्रमा पर ऐतिहासिक कदम से परिचित कराया।

पिछले वर्ष 23 अगस्त के दिन भारत चाँद पर उतरने वाले चौथा और इसके दक्षिण ध्रुव में उतरने वाला पहला दे बन गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने चन्द्रयान 3 के मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे जिला समन्वयक समग्र शिक्षा महेंद्र नाथ पांडे ने बच्चों द्वारा बनाये चन्द्रयान 3 के मॉडल की प्रशंसा की साथ ही बच्चों द्वारा चन्द्रयान मिशन व अंतरिक्ष दिवस पर हाजिर जवाबी पर शाबाशी दी। शिक्षिका मधु तिवारी द्वारा शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

खास बातें
- डीएमसी समग्र शिक्षा ने की प्रशंसा हाजिर जवाबी से हुए प्रसन्न
- प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में मनाया गया पहला अंतरिक्ष दिवस

पीएमश्री स्कूल फरसगांव में मना राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

फरसगांव। पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरसगांव में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रदर्शनात्मक गतिविधि का आयोजन किया जिसमें माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के बच्चों के द्वारा आकर्षक चन्द्रयान मॉडल बनाया गया। इसके अलावा पेंटिंग क्विज निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना था। विद्यालय के प्राचार्य महावीर जायसवाल और प्रधानपाठक कांची चंदेल द्वारा बच्चों को उनके प्रदर्शन पर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कोमल राम जैन , उषा सिंग सुशीला नेताम , रामाधार जूरी , मनोज देवांगन , पूजा वैष्णव , अंजलि यादव , लेखिका ,ऋतु मिश्रा , बिंदु ,योगेंद्र नेताम के साथ समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

विरोध: मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक के नाम सौंपा ज्ञापन

युक्तियुक्तकरण, आनलाइन अवकाश व पूर्व सेवा की गणना को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला मुख्यालय में युक्तियुक्तकरण के नियम में संशोधन, आनलाइन अवकाश स्वीकृत में आकस्मिक अवकाश की छूट एवं पूर्व सेवा की गणना की मांग को लेकर शिक्षकों ने आज धरना प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय निर्देशानुसार जिला मुख्यालय कोण्डागांव में जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह एवं शंकर लाल नेताम के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण के नियम में संशोधन, आनलाइन अवकाश स्वीकृत में आकस्मिक अवकाश की छूट एवं पूर्व सेवा की गणना की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक के नाम कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से संघ पदाधिकारियों के बैठक एवं चर्चा उपरांत लिए गए निर्णयानुसार ज्ञापन सौंपने के लिए जिला भर से शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य डीएनके ग्राउंड में एकत्रित हुए जहां कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार मनोज रावटे एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक ने स्वयं उपस्थित होकर ज्ञापन लिया।

- कलेक्टर प्रतिनिधि एवं डीईओ पहुंचे धरनास्थल

युक्तियुक्तकरण संशोधन तथा विसंगति पूर्ण आनलाईन अवकाश में सुधार व शिक्षक एल बी संवर्ग के मुख्य मांगो के सम्बंधित ज्ञापन में प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधानपाठक प्राथमिक पूर्व माध्यमिक के पदों पर पहले पदोन्नति करने, 2008 के सेटअप में पूर्व माध्यमिक शाला में जिसमें न्यूनतम छात्र संख्या पर एक प्रधान पाठक एवं चार शिक्षक पदस्थ करने का नियम बनाया गया था। इसी के आधार पर भर्ती व पदोन्नति विभाग द्वारा की गई है। एक पद घटाने से एक शिक्षक तो स्वमेव अतिशेष हो जाएंगे यह नियम व्यवहारिक नहीं है, तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उलंघन है। अतः 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम में न्यूनतम विद्यार्थी संख्या पर भी एक प्रधान पाठक एवं चार शिक्षक का सेटअप स्वीकृत किया जावे। वर्तमान में एक पद कम कर दिया गया है, यह व्यवहारिक नही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उलंघन है, अतः 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम में न्यूनतम विद्यार्थी संख्या पर एक प्रधान पाठक एवं दो सहायक शिक्षक का सेटअप स्वीकृत करने, प्रधान पाठक का पद समाप्त करने वाला इस युक्तियुक्तकरण नियम से सहायक शिक्षक व शिक्षक की पदोन्नति 50 प्रतिशत तक कम होगी।

इससे शिक्षकों के पदोन्नति के अवसर कम होंगे जो पूर्णतः अनुचित है। बालवाडी संचालित स्कूलों में बालवाडी 1 व प्राथमिक 5 कुल 6 कक्षा के संचालन हेतु न्यूनतम संख्या में भी 1 अतिरिक्त सहायक शिक्षक दिया जावे। 02 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम से शाला में पदों की संख्या कम किया गया है इससे नई भर्ती नही होने से प्रशिक्षित बेरोजगारों के साथ भी अन्याय होगा।

20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान की जाए

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एजुपोर्टल में ऑनलाइन अवकाश के सम्बंध में नियम बनाया गया है। वह विसंगतिपूर्ण है, उसमें मेडिकल अवकाश, अर्जित अवकाश, संतान पालन अवकाश लेने के एक सप्ताह के अंदर एजुपोर्टल में ऑनलाइन एंट्री का ऑप्शन दिया जाए। आकस्मिक अवकाश व एच्छिक अवकाश को ऑफ लाइन आवेदन देने की प्रक्रिया को यथावत रखा जावे । पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण कर, पुरानी पेंशन निर्धारित करे एवं कुल 20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान की जाए।

ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान मोर्चा पदाधिकारी यादवेन्द्र सिंह यादव, मालती ध्रुव, नेमी सिन्हा, गुलेन्द्र पटेल, अरूण दीवान, चन्द्रकांत जैन, सदाराम चतुर्वेदानी, अशोक साहू, रोशन बाबू सहारे, कमलेश साहू, जगमोहन वर्मा, नरेश ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, प्रभुलाल केमरो, नोहेश्वर वर्मा, मन्नाराम नेताम, रमेश प्रधान, सुकु नेताम, डोमन मरकाम, मदन राठौर, गौतम पाण्डेय, मानसाय मरकाम, रामू राम सिन्हा, मेषराम सेन, गुरूदीप छाबड़ा, लखीराम बघेल, अमलेश बारले, फूलधर देवांगन, चन्द्रेश चतुर्वेदी, काशीराम उसेण्डी, दिनेश गर्ग, शंभु नेताम, महेंद्र पटेल, महेंद्र नेताम, देवेन्द्र कुमार, धनसाय नेताम, नितेश शर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले 4 शिक्षक निलंबित

कोण्डागांव/ फरसगांव। जिले के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में पदस्थ चार शिक्षकों को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जिसके तहत कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले के फरसगांव ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला कुम्हारपारा बंजोड़ा में पदस्थ सहायक शिक्षक चरण सिंह मरकाम को शराब पीकर स्कूल आने और पढ़ाई में लापरवाही बरतने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फरसगांव रहेगा। वहीं विकासखण्ड फरसगांव अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सदाड़ी के प्रधान अध्यापक शंकरलाल नेताम को पढ़ाई में असमर्थ पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी फरसगांव रहेगा।

इसी तरह विकासखण्ड कोण्डागांव अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कोहकाड़ी के सहायक शिक्षक एलबी चितुराम सर्फे को बिना पूर्व सूचना के लम्बी अनुपस्थिति के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव रहेगा। वहीं विकासखण्ड शासकीय उच्च प्राथमिक शाला आदनार के प्रभारी प्रधान अध्यापक रामसिंह कुदराम को पालकों और बच्चों से जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए प्रति छात्र 300 रुपए लेने की शिकायत पर जांच के बाद सम्बन्धित के निलंबन के लिए प्रस्ताव सयुंक्त संचालक स्कूल शिक्षा बस्तर संभाग जगदलपुर को भेजा गया है।

प्रभारी मंत्री देवांगन का किया गया भव्य स्वागत

कोण्डागांव। जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रथम आगमन पर सर्किट हाउस में जिला देवांगन समाज के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया । स्वागत समारोह में मणिशंकर देवांगन अध्यक्ष, यशवंत देवांगन सचिव, नकुल देवांगन ,तरुण देवांगन, मनोज देवांगन ,हेमचंद्र देवांगन, हरिशंकर देवांगन , रेवत देवांगन, विख्यात देवांगन, मनीष देवांगन, दीपक देवांगन, मोहन देवांगन, ललित देवांगन, तेज देवांगन, कमलनाथ देवांगन, मिथिलेश देवांगन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पेज 7 के शेष

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता...

को सदस्यता अभियान के लिए जरूरी प्रशिक्षण प्रदान किया। भाजपा के सांसद, विधायक व समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान है । हमें घर-घर पहुंचकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाना है ताकि हमारा बूथ मजबूत रहे। हम जितना ज्यादा सदस्य बनाएंगे, हमें उतना ही ज्यादा जनसमर्थन हासिल होगा। समाज के हर वर्ग के साथ ही केन्द्रीय व राज्य सरकारी की योजनाओं के लाभार्थियो, पूर्व सैनिकों, सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं हर किसी के पास पहुंचे और उन्हें भाजपा की रीति नीति से अवगत कराकर सदस्य बनायें। प्रोजक्टर के माध्यम से पावर पाइंट प्रेजेंटेशन आईटी सेल के जिला संयोजक डॉ देवेन्द्र साहू ने दिया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने किया।

बलौदाबाजार कांड...

इस आताताई चरित्र से डरने वाली नहीं। इस प्रकार के कृत्यों से हमारा कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता आवाज उठाएगा। बलौदा बाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फैल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था। पूरी घटना के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार दोषी है। इस पूरे आंदोलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच हो।
कांकेर राजीव भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद युवा कांग्रेस ने ऊपर नीचे रोड़ के पास युवा कांग्रेस कांकेर के अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके व जिला महासचिव सुरेश नाग के नेतृत्व मेंसीएम का पुतला दहन कर विरोध जताते हुए नारेबाजी किया गया। इस दौरान गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, बीरेश ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, सुनील गोस्वामी, मकबूल खान, मनोज जैन व अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहें।

चरित्र संदेह पर...

मेरे सिर में चोट आई है। मारपीट को देख आसपास के लोगो ने बीच बचाव किया है। मारपीट से चोट ओने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में भर्ती किया, परंतु चोट अधिक होने के कारण हायर सेंटर रिफर कर दिया। मुझे ईलाज के लिए धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईलाज हो जाने के कारण उस समय थाना में सूचना नहीं दे पाई। ईलाज करवाकर वापिस आने पर 22 अगस्त को थाना पहुंचकर पति के खिलाफ रिर्पोट दर्ज करने शिकायत किया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

बस पर सवार शिक्षिका...

लिए कांकेर बस स्टैंड से निकली ही थी कि बस स्टैंड से बस चेकर समीर और कंडेक्टर राजा बस में सवार हुए और मेरे सीट के पास आकर मुझे मेरे बैठे हुए सीट से उठाने लगे। मैं सीट से उठने से मना किया तो दोनों मुझे गाली देते हुए मेरा हाथ पकड़ कर मुझे जबरदस्ती बस की सीट से उठाने लगे, जिसके कारण हाथापाई से मेरे हाथ में मोच आया एंव चूड़ी टुट गया और चोट लग गया व खून निकलने गला। दोनो व्यक्तियों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी, जिससे मैं काफी डरी हुई हूं। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। सवारी बसों में चेकर व कंडेक्टर के द्वारा इस प्रकार का दुव्यर्वहार करने का पहला मामला नहीं है, इसके पहले भी कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। महिला के साथ हुई इस घटना को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाले समय में बड़ी घटना हो सकती है।

रेलवे कर्मचारी...

देखा तो उक्त स्थान पर बाईक नही था। भापुप्रतापपुर थाना में शिकयात करने पहुंचे जेल रोड बठेना वार्ड धमतरी निवासी हाल निवास रेल्वे कॉलोनी भानुप्रतापपुर 41 वर्षीय प्रदीप कुमार पिता जीवन लाल ने पुलिस को बताया कि मैं रेलवे विभाग का कर्मचारी हूं और 13 अगस्त की सुबह 8 बजे भापुप्रतापपुर रेल्वे स्टेशन पीवॉय आफिस के सामने मोटर सायकल को खड़ी करके भानुप्रतापपुर बस से दल्लीराजहरा ड्यूटी चला गया था। शाम को करीबन 7 बजे बस से भानुप्रतापपुर पहुंचा और रेल्वे स्टेशन जाकर देखा तो मेरा मोटर सायकल वहां पर नहीं था। मैने अपने स्तर पर आसपास काफी खोजबीन किया लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। खोजबीन व पता तलाश करने के बाद भी मेरा मोटर सायकल नहीं मिला। किसी अज्ञात चोर के द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एबी 2879 कीमती करीबन 35 हजार रूपएं को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए अज्ञात चोर की तलाश जारी है। सीसीटीव कैमरे के माध्यम से अज्ञात चोर की जांच की जा रही है।

आरक्षण पर सौंपा...

ओबीसी कल्याण आयोग में बस्तर संभाग से एक भी सदस्य को नहीं लिया गया है। इस संबंध में सर्व पिछड़ा वर्ग समाज दुर्गुकोंदल के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए 16 लोगों का चयन

दुर्गुकोदंल। जनपद पंचायत दुर्गुकोदंल अंतर्गत जरूरतमंद बेरोजगार युवक युवतियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए जनपद पंचायत दुर्गुकोदंल में 13 अगस्त को कैरियर काउंसलिंग आयोजित किया गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं सहायक विकास विस्तार अधिकारी आरडी ठाकुर ने बताया कि जरूरतमंद बेरोजगार युवक युवतियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन रखा गया था, जिसमें कुल क्षेत्र के 33 बेरोजगार युवक युवतियों ने काउंसलिंग में शामिल हुए, जिसमें 16 लोगों का प्रशिक्षण के लिए कुरूद के लिए चयन किया गया है। प्रशिक्षण में इलेक्ट्रीशियन 9 व हॉस्पिटल 7 कुल 16 लोगों का चयन किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक विकास विस्तार अधिकारी के उपस्थिति में प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया।

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिकशास्त्र विभाग में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिकशास्त्र विभाग में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ज्ञात हो कि आज ही के दिन सन 2023 में भारत ने चंद्रयान – 3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक लैंडिंग करवाने वाला विश्व का प्रथम देश बनकर इतिहास बनाया था। इस दिन को यादगार बनाने के उद्देश्य से 23 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया है। इस आयोजन की इस वर्ष की थीम चंद्रमा को छूते हुये जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा रखी गई है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

स्वागत उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने भारत की अंतरिक्ष गाथा का वर्णन करते हुए छात्रें को विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष शोभाराम यादव ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि के बारे में बताया। वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष शशिभूषण कन्नौजे ने भारत की अंतरिक्ष में बढ़ती शक्तियों के बारे विस्तार से छात्रों को बताया। रसायनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अलका शुक्ला ने अपने उद्बोधन में चंद्रयान पर होने वाले खर्चों पर उठने वाले सवालों पर कहा कि कई बार हमे अपनी शक्तियां भी दुनिया को दिखाने की जरूरत होती है। गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष नेहा बंजारे ने छात्रें को इस दिन को ऐतिहासिक बनाने पर सहभागिता की। रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद ने इस दिन को ऐतिहासिक दिन बनाते हुए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। चंद्रयान 3 से जुड़े समस्त वैज्ञानिकों समेत प्रत्येक कर्मचारियों के प्रति अपना उद्गार व्यक्त किया। आभार प्रदर्शन करते हुए भौतिकशास्त्र विभागाध्यक्ष लोचन सिंह वर्मा ने कणों का पृथ्वी से अंतरिक्ष की किसी कक्षा पर स्थापित होने के पीछे लगने वाले सामान्य भौतिक के नियम पलायन वेग के बारे में बताया।

सिंधी समाज कल मनाएगा थदिड़ी त्योहार, घरों में नही जलेंगे चूल्हें

भानुप्रतापपुर। किसी भी धर्म के त्यौहार और संस्कृति उसकी पहचान होते हैं। त्यौहार उत्साह..उमंग व खुशियों का ही स्वरुप हैं। लगभग सभी धर्मों के कुछ विशेष त्यौहार या पर्व होते हैं, जिन्हें उस धर्म से संबंधित समुदाय के लोग मनाते हैं। ऐसा ही एक पर्व है सिंधी समाज का थदिड़ी। थदिड़ी शब्द का सिन्धी भाषा में अर्थहोताहै..ठंडी..शीतलता..रक्षाबंध न के सातवें दिन इस पर्व को समूचा सिंधी समुदाय हर्षोल्लास से मनाता है।

झूलेलाल महिला मंडल के अध्यक्ष प्रिया आहूजा ने बताया थदिड़ी पर्व के दिन शीतला माता की पूजा की जाती है, ऐसी मान्यता है कि यदि कोई व्यक्ति शीतलाजनित रोगों से पीड़ित हो तो मां शीतला उन्हें दूर कर आशीष प्रदान करती हैं। अतः गृहस्थों के लिए शीतला माता की आराधना दैहिक तापों ज्वर, संक्रमण तथा अन्य विषाणुओं के दुष्प्रभावों से मुक्ति दिलाती है। मां शीतला की आराधना करके रोगमुक्त होने की कामना की जाती है। जो भी भक्त शीतला मां की प्रतिदिन साधना-आराधना करते हैं, मां उन पर अनुग्रह करती हुई, उनके घर-परिवार की सभी विपत्तियों से रक्षा करती हैं।थदड़ी त्योहार की तरह गुजरात में भी सातम (सातवें) दिन ठंडा भोजन खाते हैं और सिन्धी समाज की तरह उस दिन घर में चुल्हा नहीं जलाते हैं, तथा शीतला माता की पूजा करते है। आज से हजारों वर्ष पूर्व मुअनि जो दड़ो की खुदाई में मां शीतला देवी की प्रतिमा निकली थी। ऐसी मान्यता है कि उन्हीं की आराधना में यह पर्व मनाया जाता है.थदिड़ी पर्व/"को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां भी व्याप्त हैं। कहते हैं कि पहले जब समाज में तरह-तरह के अंधविश्वास फैले थे तब प्राकृतिक घटनाओं को दैवीय प्रकोप माना जाता था। जैसे समुद्रीय तूफानों को जल देवता का प्रकोप, सूखाग्रस्त क्षेत्रों में इंद्र देवता की नाराजगी समझा जाता था।

दैवीय शक्ति से जुड़ा थदिड़ी पर्व

इस तरह सिन्धी समाज द्वारा मनाये जाने वाले थदिड़ी पर्व' के कुछ रोचक और विशिष्ट पहलुओं को प्रस्तुत किया है। परंपराएं और आस्था अपनी जगह कायम रहती हैं, बस समय-समय पर इसे मनाने का स्वरुप बदल जाता है। यह भी सच है कि त्यौहार मनाने से हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं व सामाजिक एकता भी कायम रहती है।हालांकि आज विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि माता (चेचक) के इंजेक्शन बचपन में ही लग जाते हैं। परंतु दैवीय शक्ति से जुड़ा थदिड़ी पर्व' हजारों साल बाद भी सिन्धी समाज का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। इसे आज भी पारंपरिक तरीके से मिलजुल कर मनाया जाता है। आस्था और विश्वास के प्रतीक यह त्यौहार समाज में अपनी विशिष्टता से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं और आगे भी कराते रहेंगे।

ठंडा खाना खाया जाता है

इसी तरह जब किसी को माता (चेचक) निकलती थी तो उसे दैवीय प्रकोप से जोड़ा जाता था, तब देवी मां को प्रसन्न करने हेतु उसकी स्तुति की जाती थी और थदिड़ी पर्व मनाकर ठंडा खाना खाया जाता था। इस त्यौहार के एक दिन पहले हर सिन्धी परिवार में तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। जैसे कूपड़ ग॒चु कोकी सूखी तली हुई सब्जियां, भिंडी, करेला, आलू, रायता, दही-बड़े, मक्खन आदि। आटे में मोयन डालकर शक्कर की चाशनी से आटा गूंथकर कूपड़ बनाए जाते हैं। मैदे में मोयन और पिसी इलायची व पिसी शक्कर डालकर ग॒चु का आटा गूंथा जाता है। अब मनचाहे आकार में तलकर ग॒चु तैयार किए जाते हैं।रात को सोने से पूर्व चूल्हे पर जल छिड़क कर हाथ जोड़कर पूजा की जाती है। इस तरह चूल्हा ठंडा किया जाता है। दूसरे दिन पूरा दिन घरों में चूल्हा नहीं जलता है एवँ एक दिन पहले बनाया हुआ ठंडा खाना ही खाया जाता है। इसके पहले परिवार के सभी सदस्य किसी नदी, नहर, कुएं या बावड़ी पर इकट्ठे होते हैं वहां मां शीतला देवी की विधिवत पूजा की जाती है। इसके बाद बड़ों से आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया जाता है। बदलते दौर में जहां शहरों में सीमित साधन व सीमित स्थान हो गए हैं। ऐसे में पूजा का स्वरुप भी बदल गया है। अब कुएं, बावड़ी व नदियां अपना अस्तित्व लगभग खो बैठे हैं। अतः आज-कल घरों में ही जल के स्रोत जहां पर होते हैं, वहां पूजा की जाती है। इस पूजा में घर के छोटे बच्चों को विशेष रुप से शामिल किया जाता है और शीतला माता का स्तुति गान कर उनके लिए दुआ मांगी जाती है कि माता हमारे बच्चों को शीतलता प्रदान करें जिससे हमारे बच्चे शीतल रहें व माता के प्रकोप से बचे रहें। इस दौरान ये पंक्तियां गाई जाती हैं ठार माता ठार पहिंजे ब॒चड़नि खे ठार अम्मा अग॒े बि ठारियो थई हाणे बि ठार इसका तात्पर्य यह है कि हे माता ! मेरे बच्चों को शीतलता प्रदान करना। आपने पहले भी ऐसा किया है आगे भी ऐसा करना इस दिन घर के बड़े बुजुर्ग सदस्यों द्वारा घर के सभी छोटे सदस्यों को भेंट स्वरुप कुछ न कुछ दिया जाता है जिसे खर्ची कहते हैं।इस थदिड़ी पर्व के दिन बहन और बेटियों को विशेष तौर पर मायके बुलाकर इस त्यौहार में शामिल किया जाता है। इसके साथ ही उसके ससुराल में भी भाई या परिवार के छोटे सदस्य द्वारा सभी व्यंजन और फल भेंट स्वरुप भेजे जाते हैं इसे 'थदिड़ी का ड॒णि' कहा जाता है।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने ली ऑनलाइन समय-सीमा की बैठक

दंतेवाड़ा। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने एनआईसी कक्ष से पहली बार ऑनलाइन लिंक के माध्यम से साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि समय को देखते हुए अब नये युग की शुरूआत हुई है। देश में बढ़ते नवीन टेक्नोलॉजी और एप के लॉन्च होने से कई समस्याओं का समाधान अब तुरंत ही हो जाता है। बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के एनआईसी कक्ष से जुड़कर कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारियों को अपने ही कार्यालय से ऑनलाइन लिंक के माध्यम से समय-सीमा की लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के निर्माण कार्य के लिए संबंधित विभाग द्वारा अपने कार्यालय में एक लिपिक को डीएमएफ से संबंधित सभी कार्य के लिए नोडल नियुक्त किया जाए। ताकि सभी डीएमएफ के निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग एवं देखरेख सही तरीके से हो सके। इसके साथ ही उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजना नियद नेल्लानार ग्रामों में कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण के लिए हितग्राही चिन्हांकित कर प्रशिक्षण प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

सुकमा। कलेक्टर हरिस एस.ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में नियद नेल्लानार योजना एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजनांतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में शासन के मंशानुरूप प्राथमिकता से कार्य करने को कहा। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंशानुरूप कार्य नही होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को मॉबलाइज कर आयुष्मान कार्ड बनाने, टीबी स्क्रीनिंग, सिकलसेल एवं एनीमिया स्क्रीनिंग, टीकाकरण की दिशा में शत-प्रतिशत लाभान्वित करने जोर दिया। बैठक में उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड, पेंशन भुगतान, लर्निंग लाइसेंस, राशन कार्ड सहित हितग्राहियों का बैंक में खाता खोलना एवं बैंक सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निर्वाचित विधायक की गिरफ्तारी निंदनीय

राजनीतिक द्वेष से काम कर रही प्रदेश सरकार: जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- पूर्व विधायक के साथ पूर्व संसदीय सचिव जैन ने ली पत्रवार्ता

पूर्व संसदीय सचिव एवं जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार राजनैतिक द्वेष से काम कर रही है। जैन ने भिलाई के वर्तमान विधायक तथा पूर्व मेयर देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी की निंदा करते कहा है कि भाजपा की यह कार्रवाई बताती है कि उसका भरोसा समाज एवं संस्थाओं के प्रति नहीं है।

शुक्रवार को दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में पीसीसी के निर्देश पर पत्रवार्ता लेकर उन्होंने यह बात कही। पूर्व संसदीय सचिव जैन व पत्रवार्ता में मौजूद दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि विधायक यादव के खिलाफ पुलिस ने राज्य सरकार के निर्देश पर यह कार्रवाई की है। बलोदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन से घबराकर यह कदम उठाया गया है जिसकी सर्वत्र निंदा हो रही है। विधायक के खिलाफ कार्रवाई कर भाजपा सरकार ने बता दिया है कि लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उसकी जवाबदेही नहीं है। जैन ने कहा है कि भाजपा के दमन के खिलाफ देश-प्रदेश की जनता जिस प्रकार से प्रतिकार कर रही है, भाजपा उससे घबरा गई है। इसके परिणामस्वरूप वह ऐसे कदम उठा रही है जिससे चौतरफा उसकी निंदा हो रही है। जैन ने यह मांग की है कि बलोदाबाजार की घटना के लिए जिम्मेदार भाजपा नेताओं के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।

पत्रवार्ता के दौरान जैन के साथ दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक देवती कर्मा, विमल सुराना, छविंद्र कर्मा, तुलिका कर्मा, सुलोचना वट्टी, सलीम उस्मानी, कोपा कुंजाम, परमजीत सिंह जसवाल, हेमू उपाध्याय, कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

धूमधाम से मना राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार भारत सरकार ने चंद्रयान 3 मिशन की सफलता को पर्व के रूप में मनाने के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की है। इस उपलक्ष्य में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण वर्तमान संचालित जावंगा में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया।

गौरतलब है कि इसी दिन भारत के द्वारा चांद के दक्षिण पोल में प्रज्ञान रोवर की सॉफ्ट लैंडिंग कराई गई थी। भारत की इस उपलब्धि को यादगार बनाए रखने के लिए विद्यालय में प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग्स तथा मॉडल मेकिंग स्पर्धा कराई गई, जिस पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने छात्राओं को अपने वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान प्रभारी प्रवीण चंद्राकर ने कहा कि यदि हम पूरी निष्ठा से मेहनत करें, तो हम भी सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला जैसे अंतरिक्ष पर जा कर अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्राचार्य कुलदीप सिंह, विज्ञान प्रभारी प्रवीण चंद्राकर, आलोक सोनवाने, टीएल. साहू, मो. यूसुफ, डीआर. रावटे, अवंतिका मिश्रा, शिशुपाल यादव, छाया सिन्हा, शुभम सांगवान समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

सोनारपारा संकुल के बच्चों को कराया न्योता भोज

गीदम। प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत गीदम संकुल के प्राथमिक व माध्यमिक शाला सोनारपारा गीदम में समग्र शिक्षा दंतेवाड़ा कार्यालय में पदस्थ प्रोग्रामर धर्मेंद्र सिंह व शिक्षिका शिखा सिंह ने आज बच्चों को न्योता भोज कराया। इस भोज को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। न्योता भोज छात्र-शिक्षक एवं पालक समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने का जरिया तो है, ही साथ-साथ पोषण युक्त एवं रूचिकर भोजन दिए जाने से बच्चों की शालाओं में उपस्थिति में वृद्धि होती है। न्योता भोजन का एक अन्य उद्देश्य शाला एवं स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल को विकसित करना भी है। न्योता भोज के साथ प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला सोनार पारा गीदम के बच्चों को अच्छी पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शाला परिवार से प्रधान अध्यापक टीपी मिश्रा, मिराज हुसैन, शिखा सिंह, पूजा कंवर, शिल्पा सिंह चौहान, प्रीति ध्रुव, देवांशु यद्दु, धर्मेंद्र सिंह, सायबू सदानंदन, स्वाति सिंह व एसएमसी सदस्य मौजूद थे।

खातों में अब तक नहीं हुआ तेंदूपत्ता राशि का भुगतान

तेंदूपत्ता हितग्राही पहुंचे डीएफओ दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- धनोरा समिति के 346 हितग्राहियों का 20 लाख से अधिक बकाया

तेंदूपत्ता संग्रहण के भुगतान की राशि को लेकर सैंकड़ों हितग्राही शुक्रवार को वनमंडलाधिकारी कार्यालय में डीएफओ से मिलने पहुंचे थे। धनोरा समिति के सैंकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अब तक तेंदूपत्ता का भुगतान नहीं मिला, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। बुधराम तेलम, राजू तेलम और जेम्स कुड़ियम ने बताया कि, तेंदूपत्ता हम आदिवासी ग्रामीणों का प्रमुख आय का जरिया है।

इस रुपए से ही हम कृषि कार्य करते है और अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई करवा पाते है, लेकिन अब तक हमें इस वर्ष तेंदूपत्ता तोड़ाई की राशि नहीं मिल पाई है। जिस वजह से हमें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीपीआई नेता कमलेश झाड़ी के नेतृत्व में धनोरा के सैंकड़ों हितग्राही डीएफओ कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन मौके पर अधिकारी मौजूद नही थे। वहीं सीपीआई नेता ने पत्रकारों को बताया कि फोन पर डीएफओ से इस विषय पर चर्चा हुई है। उन्होंने इस मामले को जल्द देखने की बात कही और सम्बन्धित शाखा में लेटर छोड़ने को कहा है।

सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, बस्तर का हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता का पैसा ग्रामीणों को अब तक नही मिलना बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसे लेकर प्रशासन और मौजूदा सरकार में कोई गंभीरता नही है। चूंकि यह अति पिछड़ा आदिवासी इलाका है। यहां के आदिवासियों के आय का प्रमुख साधन तेंदूपत्ता ही है। इन पैसों से ही कृषि कार्य एवं बच्चों के पढ़ाई का खर्च भी पूर्ण हो पाता है। वहीं सीपीआई नेता ने आगे कहा कि आज ग्रामीणों ने 10 दिनों का सम्बन्धित विभाग को अल्टीमेटम दिया है। समयावधि में राशि का भुगतान नही होने पर आंदोलन होगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

एक हफ्ते में होगा भुगतान

डीएफओ रामकृष्णा रंगानाथन ने बताया कि जिले में कुल 3000 हितग्राहियों के बैंक खातों में त्रुटियां मिली थी। जिस वजह से उन हितग्राहियों के खातों में तेंदूपत्ता राशि का भुगतान नहीं हो पाया था। जिन हितग्राहियों के खातों में समस्या थी, उनका सुधार कर लिया गया है। अब एक हफ्ते के अंदर हितग्राहियों के खाते में तेंदूपत्ता का भुगतान हो जायेगा।

वेतन विसंगति को लेकर लिपिक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

वेतन विसंगति एवं अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा आयोजित करने के लिए जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पसपुल के नेतृत्व में सीएम विष्णु देव साय मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के नाम संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल को ज्ञापन सौंपा गया है।

लिपिक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पसपुल ने अवगत कराते कहा कि शासन की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले लिपिक विगत 40 वर्षों से वेतन विसंगति नामक पीड़ा से पीड़ित है। शासन लिपिकों की एकमात्र समस्या वेतन विसंगति को 40 वर्षों से नजर अंदाज करते आ रहीं है। सन 1961 से 1973 तक लिपिक एवं शिक्षकों तथा पटवारी का वेतनमान एक समान था, किंतु 1981 से लगातार शिक्षकों के वेतनमान में बढ़ोत्तरी किया गया । किंतु लिपिकों के वेतनमान बढ़ाने में शासन द्वारा किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाई गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिपिक संवर्गों के वेतनमान के निराकरण हेतु उच्च स्तरीय समिति गठन की गई है। समिति द्वारा अनुशंसित अनेक संवर्गों के वेतनमान का उन्नयन का निराकरण किया गया, किंतु जिस संवर्ग (लिपिक) हेतु गठित किया गया था, समिति द्वारा अनुशंसा के पश्चात भी लिपिकों के वेतनमान का उन्नयन नहीं किया गया है। विडंबना है कि उक्त समिति द्वारा जिन संवर्गों के वेतनमान के उन्नयन के लिए अनुशंसा नहीं भी की गई थी, उन संवर्गों के वेतनमान का निराकरण शासन द्वारा किया जा चुका है। किंतु लिपिक का नहीं किया गया है, जिसके कारण लिपिक संवर्ग में कुंठा एवं निराशा का वातावरण निर्मित है।

लिपिक कर्मचारियों के वेतनमान में निरंतर क्षरण को माननीय उच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया है। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री ने लिपिक के मंच से मांगे पूर्ण करने का आश्वासन दिया था, किंतु आज तक लिपिकों के वेतनमान में सुधार करने की कार्रवाई लंबित है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मिथिलेश नीलम, बसंत समतुल, नीलम संतोष, देवैया मट्टी, संजय बाकड़े, विनोद मड़ी, राहुल राना, गुलशन, ओगर के अलावा विभिन्न विभागों के सैंकड़ों लिपिक मौजूद थे।

अभाविप ने मुख्यमंत्री से की छात्रसंघ चुनाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अभाविप ने शैक्षणिक जगत में उत्तम छात्र नेतृत्व के लिए प्रदेश भर के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर सभी जिले के कलेक्टरों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व में प्रतिवर्ष छात्रसंघ चुनाव किए जाने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में सुधार तथा विकास युवा नेतृत्व के माध्यम से संपन्न होता था। परंतु 2016 के पश्चात प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दिया था पिछले 2 से अधिक वर्षो से छात्रसंघ मनोनयन भी नही हुआ है। पूर्व में भी अभाविप लगातार छात्र संघ चुनाव के लिए प्रदेश सरकार से मांग करती रही है। अभाविप प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा देना निश्चित रूप से युवा नेतृत्व का दमन करने वाला निर्णय साबित हुआ है। अभाविप सदैव से छात्रसंघ चुनाव के पक्ष में रही है। पूर्व की सरकार से भी छात्रसंघ चुनाव की मांग गई थी। छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से चुने हुए प्रतिनिधियों को परिसर में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास करने का अवसर प्राप्त होता है। अभाविप को छात्र हितों में जल्द ही छात्र संघ चुनाव कराये। अभाविप संयोजक शैलेष ध्रुव ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से छात्रों के नेतृत्व क्षमता में विकास के साथ छात्रहित में कार्य होने लगते है। प्रदेश सरकार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रदेश भर के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में प्रत्यक्ष रूप से चुनाव करवाये। इस दौरान अश्विन पिल्ले, कमला, नुशान्त, कुणाल, जय, करन, मनीष, अजेंद्र, अचिंत्य, पूनव सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में जिला स्तरीय स्टार्टअप प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र एवं विजेताओं को दिया गया मोमेंटों

एनएमडीसी डीएव्ही पॉलीटेक्निक कॉलेज जावंगा में आज जिला स्तरीय स्टार्टअप प्रतियोगिता आईआईसी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गीदम व दंतेवाड़ा ब्लॉक के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर गीदम के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शेख रफीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इसके पूर्व आईआईसी सेल द्वारा आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में उद्यमिता पर कार्यशाला आयोजित की गई है। आईआईसी सेल का गठन पांच वर्ष पूर्व 2019 में शिक्षा मंत्रालय के नवाचार सेल के तहत किया गया था। गत दो वर्षों से महाविद्यालय को वार्षिक प्रदर्शन हेतु सिंगल स्टार रेटिंग प्राप्त हुआ है, जो कि बस्तर में एक मात्र पॉलीटेक्निक कॉलेज है। महाविद्यालय को इंपैक्ट व्याख्यान श्रेणी कराने हेतु भी राशि विगत दो वर्षों से प्राप्त हुई, जो कि बस्तर का एक मात्र पॉलीटेक्निक बना। जिसे मंत्रालय द्वारा चयन कर यह अवसर प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि आउटरीच प्रोग्राम के अन्तर्गत फैकल्टी द्वारा जिले के विद्यालयों में जा कर उद्यमिता पर व्याख्यान दिया जा रहा है। प्रथम चरण में गीदम ब्लॉक के विद्यालयों में यह आयोजन किया गया, जिसमें आत्मानंद विद्यालय गीदम, बारसूर एवं जावंगा के अतिरिक्त सरस्वती शिशु मंदिर गीदम, पीएम श्री एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण जावंगा एवं डीएव्ही मुख्यमंत्री स्कूल शामिल थे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान में बड़ी उत्सुकता एवं उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मिता नाग कन्या परिसर पातररास, द्वितीय स्थान सबीन लाल मरकाम एवं नीतैश मादवी आस्था विद्या मंदिर जावंगा एवं तृतीय स्थान रानी तेलम, ढालेश्वरी, योगिता कुंजाम एवं गायत्री ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र एवं विजेताओं को मोमेंटों प्रदान किया गया। वर्तमान में महाविद्यालय में प्रथम चरण में प्रवेश हेतु शत-प्रतिशत सीटो का आबंटन हुआ। बस्तर संभाग के अभिभावकों ने एनएमडीसी डीएव्ही पॉलीटेक्निक दंतेवाड़ा को अपनी पहली प्राथमिकता दी। महाविद्यालय बस्तर में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहा है और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

डीएवी स्कूल की छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

डीएवी बचेली में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स कलस्टर लेवल 24-25 के तहत एथलेटिक्स इवेंट्स का आयोजन किया गया। जिसमें बस्तर ब्लॉक के डीएवी करमरी शाला से भी कुछ बच्चियों ने भाग लिया और अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन के बल पर जीत हासिल की। शाला में खेल शिक्षिका के पद पर कार्यरत प्रतिमा साहू ने बच्चों को प्रशिक्षित किया। प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक आदि खेलों को शामिल किया गया था। इस प्रतियोगिता में शाला की लक्ष्मी कश्यप, प्रेरणा बघेल, लक्ष्मी बघेल, कुसुमलता बकाडे, चांदनी नाग, योगिता और तनीषा सूर्यवंशी ने भाग लिया। लक्ष्मी कश्यप ने अंडर 19 बालिका वर्ग के 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, लौंग जंप में कांस्य और ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल की। तनीषा ने लौंग जंप में गोल्ड और गोला फेंक में सिल्वर मेडल हासिल किया,वहीं लक्ष्मी बघेल ने लौंग जंप में सिल्वर मेडल जीता। चांदनी नाग बालिका वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया, तो वहीं रिले रेस में चांदनी नाग, लक्ष्मी कश्यप, प्रेरणा बघेल, योगिता और कुसुमलता बाकड़े की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। साथ ही प्रेरणा बघेल ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य मेडल जीता। इन सभी बालिकाओं ने डीएवी शाला का गौरव बढ़ाया है।

बच्चों ने मनाया राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 23 अगस्त को विकास खण्ड बस्तर अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार में राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस आयोजित किया गया।

शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शाला के बच्चों के साथ-साथ आम नागरिकों में चन्द्र यान 3 के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। चन्द्र यान 3 की चन्द्रमा पर सफल लैंडिंग के उपलक्ष में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस घोषित किया गया है। उसी की याद में आज पहला वर्ष गांठ मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने चन्द्र यान 3 के मॉडल एवं चित्र बना कर प्रदर्शन किये। इस दौरान प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, शिक्षक-शिक्षिकाओं में नीरज कुमार कुंजाम, फूल सिंह यादव, शिल्पा शार्वा, ममता ठाकुर, आभा प्रीति एक्का, बीएड के छात्र अध्यापकों में टिकेश्वर साहू, आकांक्षा राजपूत, मधु ठाकुर, भावना साहू, हेरिना दिवान, प्रीति पटेल, रोमा राय, तरुणा पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

खबर संक्षेप

बलौदाबाजार में हिंसा कांग्रेस की है साजिश



भानुप्रतापपुर। भानुप्रतापपुर के भाजपा कार्यकर्ता राहुल सिंह धुन्ने ने कहा बलौदा बाजार मे जिस प्रकार हमारे भोले भाले सतनामी समाज के लोगों को बरगलाया गया उन्हें भड़काया गया और आन्दोलन को हिंसक रूप देने का प्रयास किया गया उसमे काँग्रेस का एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है। काँग्रेस जब भी सत्ता से बाहर होती है अराजकता फैला कर समाज की समरसता और सौहार्द्रता को छिन्न बिन्न करने का प्रयास करती है। काँग्रेस सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है और उनकी इसी बौखलाहट का परिणाम है बलौदा बाजार की हिंसक घटना। जिस प्रकार काँग्रेस का आलाकमान घबराया हुआ है निश्चित तौर पर देवेन्द्र यादव के अलावा और भी कांग्रेसियों के हाथ होने की आशंका है। मैं भारतीय जनता पार्टी के एक युवा कार्यकर्ता होने के नाते कांग्रेस के इस षड्यंत्र की कठोर निंदा करता हूँ और प्रदेश की जनता को आश्वस्त करता हूं कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही हो चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो।

बच्चों को दी जाएगी कृमि नाशक गोली

कांकेर। जिले में 29 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम व 4 सितम्बर को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 1 से 19 वर्ष तक के समस्त बच्चों को कृमि नाशक गोली एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी तथा जो बच्चे 29 अगस्त को कृमिनाशक गोली खाने से वंचित रह जाएंगे उन्हें 4 सितम्बर मॉपअप दिवस के दिन गोली खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कृमि नाशक गोली के सेवन से बच्चों, किशोर, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास तथा शाला के उपस्थिति में सुधार होती है।

जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं होने पर पत्रकार सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ मुख्य मार्ग से स्टेट हाइवे क्रमांक पांच में सड़कों की जर्जर हालत से परेशान जनप्रतिनिधयों व जनता के द्वारा कदम नहीं उठाए जाने पर पत्रकारों को सड़क पर उतरना पड़ा। महीनों से इन जर्जर सड़कों के विषय में मीडिया के माध्यम से जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाया गया, परंतु विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण सड़क की मरम्मत नहीं हो पाई और स्थानीय पत्रकार सड़क पर उतर गए।

लोक निर्माण विभाग की अनुविभागीय अधिकारी आशा मंडावी ने अपना फोन बंद कर दिया और विभाग के कार्यपालन अभियंता से भी एडीएम अंतागढ़ का कोई संपर्क नहीं हो पाया। पत्रकारों ने इस तरह बलपूर्वक चक्का जाम को हटाने की निंदा की है, साथ ही आगामी समय में पूरे अंतागढ़ के व्यापारी सहित आम लोगों को साथ लेकर उग्र आंदोलन करने के विषय में चर्चा किया गई। सड़क की स्थिति पंद्रह दिनों में सही ना होने की स्थिति में पत्रकार संघ ने रायपुर तक पैदल मार्च करने का निर्णय किया। अंतागढ़ लोक निर्माण विभाग के कोई भी अमला अंतागढ़ मुख्यालय में नहीं रहता, यहां तक विभाग का चपरासी भी भानुप्रतापपुर से आना जाना करता है। शासन का साफ निर्देश है कि सभी अधिकारी अपने ब्लाक मुख्यालय में रहें। लोक निर्माण विभाग को इन नियमों से कोई सरोकार नहीं है, और ना ही इन अधिकारी कर्मचारियों पर कोई

कार्यवाही शासन द्वारा की जाती है। आज के चक्का जाम में व्यापारियों ने भी साथ दिया, वहीं आने वाले दिनों में बड़े स्तर के आंदोलन में पूरी तरह साथ देने का भी विश्वास दिलाया।

चक्का जाम हटाने के लिए एसडीएम अंतागढ़ ने भरोसा दिलाया कि चार पांच दिनों में कलेक्टर कांकेर और पत्रकारों की मीटिंग कराई जाएगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस मीटिंग में बुलाया जाएगा। संघ ने सड़क की मरम्मत समयावधि में ना कराए जाने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। चक्काजाम करने के दौरान स्थानीय समस्त पत्रकार सहित क्षेत्र के अन्य समाजसेवी व व्यापारी उपस्थित रहे।

विसंगति : आयोग में बस्तर संभाग से एक भी सदस्य नहीं

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में बस्तर संभाग की उपेक्षा, विरोध में सीएम के नाम पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर ब्लाक के पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा शुक्रवार को तहसील कार्यालय में तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा के माध्यम से छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। पिछड़ा वर्ग समाज का कहना है कि सरकार द्वारा गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में बस्तर संभाग से एक भी सदस्य को नहीं लिया गया है जो बस्तर संभाग की अपेक्षा है। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में अध्यक्ष सहित पूरे सदस्य रायपुर व सरगुजा से एक मात्र सदस्य लिया गया है ऐसे में बस्तर में निवासरात ओबीसी समाज के आर्थिक सामाजिक की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना मुश्किल होगा। उन्होंने बताया सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आरक्षण के लिमिट को 50% करने के राज्य सरकारों को दिए गए निर्देश के पालन में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया है आयोग के टीम द्वारा बस्तर या पूरे छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देना है।जबकि छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में एसटी ओबीसी एससी की संख्या लगभग 95% है जिसको आरक्षण के हिसाब से

50% के लिमिट में यदि बांटते हैं तो पिछड़ा वर्ग को भारी नुकसान होगा जबकि बस्तर में निवासरथ पिछड़ा वर्ग समाज भी आर्थिक सामाजिक मानसिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ समाज है जिसके साथ अन्याय होगा। कुछ दिनों बाद छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरी पंचायत चुनाव नगरीय निकाय का चुनाव होना है जिसमें पिछड़ा वर्ग समाज को आरक्षण मिलता था वह कम जाएगा जिससे पिछड़ा वर्ग समाज को भारी नुकसान होगा पिछड़ा वर्ग समाज सरकार से मांग करती है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में बस्तर संभाग से भी सदस्य लिया जाए साथ ही आरक्षण की 50% लिमिट को बढ़ाया जाए

पिछड़ा वर्ग समाज पूरे बस्तर संभाग में जगह-जगह ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग कर रही है कि हमारी मांगों पर तत्काल ध्यान दिया जाए यदि हमारे मांग को सरकार नहीं मानती है तो आने वाला समय मे जन आंदोलन होगा।

इस दौरान जगन्नाथ साहू, राजकुमार ठाकुर,हरेश चक्रधारी, अरविंद जैन,जितेंद्र जयसवाल, ईश्वर साहू,कुंदन साहू,मुकेश चन्द्राकर, अजय साहू,धनसिंह विश्वकर्मा,विनोद पटेल, अलीत सिन्हा, धर्मेन्द्र यादव,शेखर यदु,हरी यादव,दीपक गजेंद्र,संदीप सिन्हा, राजेन्द्र जैन,तुला राम साहू,शिशुपाल पटेल,यसवंत चक्रधारी, भगत शांडिल्य, संजय साहू,भुनेश्वर सेन,यसवंत धनकर समेत बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोग मौजूद रहे।

नबी की शान में गुस्ताखी पर मुस्लिम समाज का गुस्सा फूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

रामगिरी महराज द्वारा नबी की शान में दिए गए बयान को लेकर मुस्लिम समाज का गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा। शुक्रवार जुमा नमाज के बाद मुस्लिम समाज भानुप्रतापपुर के द्वारा अपने गुस्से का इजहार करते हुए गुस्ताख ए रसूल को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग करते कलेक्टर के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर को सौंपा।

शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मुस्लिम समाज जामा मस्जिद भानुप्रतापपुर में इकट्ठा हुए। यहां पर मौजूद जमातिया सदर फुरकान अहमद ने कहा कि मजहब ए इस्लाम किसी भी मजहब के रहनुमाओं को बुरा कहने की टिप्पणी इजाजत नहीं देता और न ही किसी धर्म की शख्सियत पर कीचड़ उछालने का काम करता। किसी को ये अधिकार नहीं कि वह पैगंबर ए इस्लाम हजरत मो. साहब की शान में गुस्ताखी करे महराष्ट्र के रामगिरी महराज ने एक सोची समझी साजिश के तहत माहौल को खराब करने व आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का काम किया, जिसे मुस्लिम समाज बर्दाश्त नही करेगा। देश का माहौल खराब करने वाले देश की एकता अखंडता को बिगाड़ने वाले रामगिरी महाराज को फांसी की सजा की मांग करता है।

साथ ही पश्चिम बंगाल की मौमिता देवनाथ व उत्तराखंड की हॉस्पिटल से लौट रही एक नर्स तस्लीम जहां इन दोनो का समाज मे इंसानो के रूप मे रह रहे दरिंदो ने बालात्कार कर निर्मम हत्या कर दी इन दोनो को न्याय दिलाने मुस्लिम समाज भानुप्रतापपुर् ने त्वरित कार्यवाही की मांग की जिसमे समाज के सभी लोग मौजूद रहे।

चंद्रयान 3 की वर्षगांठ पर दी बाल वैज्ञानिकों ने जानकारी

हरिभूमि न्यज ▶▶| चारामा

शासकीय माध्यमिक विद्यालय रतेसरा में स्कूली बच्चों ने चंद्रयान 3 के सफलता के वर्षगांठ पर विभिन्न जानकारी हासिल कर ड्रॉइंग पेपर में चित्र बनाकर साझा किया। जिसमें बच्चों ने खुद को वैज्ञानिक रुप में पाया। उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण भी देखा। चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखकर न सिर्फ एक नया इतिहास रचा है। बल्कि यह ऐसी जगह पर उतरने में भी सफल रहा है, जहां अब तक दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच सका था। भारत और भारतीय वैज्ञानिकों की इस सफलता को वैसे तो देश व दुनिया के करोड़ों लोगों ने 23 अगस्त को लाइव भी देखा था। लेकिन यह सफलता नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी रहेगा। यह चंद्रयान 3 के वर्षगांठ पर शिक्षकों एवं शालेय बच्चों द्वारा सफल आयोजन किया गया। इस अवसर के लिए प्रधानपाठक एसआर सलाम, रामेश्वरी तारम, धर्मेन्द्र कुमार साहू, उमेश साहू एवं होमन ठाकुर उपस्थित रहे।

वाहन फिटनेस की जांच स्थानीय स्तर पर करें

दुर्गुकोंदल। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने जिला परिवहन अधिकारी को पत्र लिखकर मांग किया है कि विधान सभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर अंतर्गत भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के वाहन मालिकों के द्वारा बताया गया है कि वाहन मालिकों को जिसमे भानुप्रतापपुर, पखांजुर, अंतागढ़, दुर्गुकोंदल, कोयलीबेड़ा जहां पर हजारों की संख्या में वाहनों के फिटनेस जांच के लिए 50 से 120 किमी कांकेर परिवहन कार्यालय की लंबी दूरी तय कर जानी पड़ती है, जिससे इनके समय एवं आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। वाहनों के फिटनेस जांच के लिए भानुप्रतापपुर में अतिरिक्त केंद्र या लिंक कार्यालय खोला जाए जिससे क्षेत्र वाहन मालिकों को कम दूरी तय कर फिटनेस का कार्य हो सके।

सेलेगांव हायर सेकंडरी स्कूल में मना राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव में चंद्रयान 3 की चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सफल शॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रचने के दिवस को आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया गया।

छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक बनने अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से प्रोजेक्टर के माध्यम से श्री हरिकोटा सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित चंद्रयान 3 के तीनों भागों को एवम् उनके नामों के बारे में विस्तार से वीडियो के माध्यम से विस्तार से बतलाया गया तथा लैंडिंग का लाइव वीडियो दिखलाया गया तत्पश्चात प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमे सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बरसन राम साहू, सुमन ठाकुर, प्रमिला कोरेटी, के एल कर्टेंद्र कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, पुकेश्वर साहू, रेनसिंह दर्रो, पीयूषा बंजारे, गायत्री भुआर्य, जागृति ध्रुव, लीना देवी दुग्गा, किशोर साहू, विजेंद्र बंजारे एबे समस्त वैज्ञानिक सोच रखने वाले छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

विधायक ने नहर-नाली का निरीक्षण कर समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम धनेलीकन्हार व कन्हारपुरी के मध्य मुख्य मार्ग से लगा नहर व नाली के रपटा को तोड़ दिए जाने से पिछले तीन वर्षों से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण शिकायत करने विधायक के वेवर्ती कार्यालय पहुँचे। विधायक ग्रामीणों के साथ कन्हारपुरी पहुँचे और समस्या की जमीनी हकीकत को समझा।

किसानों के द्वारा जानकारी दिए जाने पर विधायक आशाराम नेताम 22 कन्हारपुरी और धनेलीकन्हार पहुँचे। दोनो गांव के किसान भी समस्या स्थल पर पहुंचे वहीं जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता धर्मेन्द्र मेश्राम, सब इंजीनियर टिकेंद्र साहू, पीडब्ल्यूडी विभाग एसडीओ केएल साहू भी पहुँचे और किसानों की समस्या के निराकरण पर चर्चा किया। इस समस्या से तुरंत निजात दिलाने मोके पर मौजूद जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता से विधायक ने चर्चा किया। जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने विधायक को बताया की माह जुलाई में प्राकलन तैयार कर जिला पंचायत को भेज दिया गया है। विधायक ने जिला पंचायत के सीईओ से मोबाइल पर चर्चा किया। चर्चा उपरांत जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता और विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि तुरंत कार्य चालू हो जाएगा। किसानों ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग ने सड़क चौड़ी करने पुल को तौड़कर नया पुल का निर्माण करवाया था। विभाग कार्य को ठेके पर देकर कभी भी निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करने नंही पहुंची, न ही जल संसाधन

विभाग के कर्मचारी नहर नाली को देखने पहुंचे। नतीजा यह रहा की ठेकेदार अपनी मनमर्जी से पूर्व में बने नाली के रपटे को तौड़कर पुल बनाकर चलता बना। समय पर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ध्यान देते तो सरकार के लाखों रुपएं बच जाते व किसानों को तकलीफ भी नही होती। अब स्थिति है की जलसंसाधन विभाग नाली का नया रपटा बना भी दे तो नहर पानी की बर्बादी को रोका नहीं जा सकता, इसके लिए नहर नाली का लाईनींग करना अनिवार्य हो गया है।

निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता भरत मटियारा, किसान ओझाराम देहारी, नोहर दास मानिकपुरी, मन्साराम साहू, मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, सरपंच बिरेंद्र मारगिया, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोतीराम नाग, पूर्व मंडल अध्यक्ष सितम्बर कावडे, रमेश साहू, नारद पोटाई, खेमलाल साहू, दुष्यंत देहरी, पुर्व सरपंच परसुराम भोयर, सुकाल फरदिया, हेमलाल शौरी, तोखराज बारला, व्यास साहू सहित किसान उपस्थित रहें।

अंतरिक्ष दिवस...



कोंडागांव। प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

सुहागिनें संतान की सुख समृद्धि के लिए हलषष्ठी पर आज करेंगी पूजा-अर्चना

दुर्गुकोंदल। भाद्रपद की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि कमरछठ, हलषष्ठी या ऊब छठ होती है। दुर्गुकोंदल क्षेत्र में सुहागिन महिलाएं संतान की सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत करती है। ऊब छठ को चन्दन षष्ठी, चानन छठ और चंद्र छठ भी कहते है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम का जन्म हुआ था और उनका शस्त्र हल था। इसलिए इस दिन को हलषष्ठी कहा जाता है। वहीं कई जगह इस दिन को चंदन षष्ठी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी को यह व्रत समर्पित होता है। यह व्रत महिलाएं अपनी संतान की दीर्घायु के लिए और

बेहतर स्वास्थ्य व खुशहाली के लिए करती हैं। इस साल हल षष्ठी का व्रत 24 अगस्त को रखा जाएगा। जिन दंपतियों को संतान सुख की प्राप्ति नहीं हुई है, वे भी इस व्रत को कर सकते हैं। भगवान के आशीर्वाद से उनकी भी खाली झोली भर जाएगी। हल षष्ठी का व्रत भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी के जन्मोत्सव की खुशियां मनाने के लिए किया जाता है। मान्यता है कि भादों मास की कृष्ण षष्ठी को ही बलरामजी का जन्म हुआ था और इनके जन्म की खुशी में महिलाएं अपने संतान की दीर्घायु के लिए व्रत करती हैं। इस व्रत को करने से बलरामजी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस दिन व्रत करने वाली महिलाएं हल से जोती गई फसल की कोई चीज नहीं खाती हैं और न ही जमीन में उगाई कोई चीज खाई हैं। दरअसल हल को बलरामजी का शस्त्र माना गया है। इसलिए हल से जोती गई चीजों का प्रयोग वर्जित माना जाता है। इस दिन तालाब में उगाई गई चीजें खाकर व्रत रखती हैं। महिलाएं अपने आंगन में झरबेरी, पलाश और कांसी की टहनी लगाकर पूजा करती हैं। छठ्ठी माता का चित्र बनाकर उनको सात अनाजों को मिलाकर बनाया हुआ सतनजा और दही-तिन्नी के चावल से भोग लगाती हैं। उसके बाद हल षष्ठी की कथा सुनती हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com

रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक, 28 जनवरी से 02 फरवरी 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411